दिनांक : 27.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पीएम मोदी- गर्मी

देशभर में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि खुद को हाइड्रेटेड रखने, दोपहर की तेज धूप में बाहर निकलने से बचने और घर से निकलते वक्त पानी साथ रखने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जो प्यासा हो उसे पानी पिलाएं और जानवरों व पक्षियों के लिए भी बाहर पानी रखें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि परिवार और प्रियजनों का हाल-चाल पूछते रहें और इन मुश्किल दिनों में संवेदनशीलता के साथ एक-दूसरे का ख्याल रखें।

राष्ट्रपति - सिक्किम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम गंगटोक में सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस समारोह में 33 विभागों के करीब 14 हजार छात्रों को उपाधि दी जाएगी। 285 मेधावी छात्रों को स्वर्ण और रजत पदक से नवाजा जाएगा, जिनमें 199 छात्राएं शामिल हैं। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इससे पहले खराब मौसम के चलते राष्ट्रपति का नाथू ला दौरा रद्द करना पड़ा था।

योग दिवस

खजुराहो के पश्चिमी मंदिर परिसर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने 100 दिवसीय काउंटडाउन सीरीज के 25वें कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें करीब दो हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इस बार 21 जून का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में होगा, जिसकी थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" रखी गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली संबोधित djrs gq कहा कि योग और खजुराहो, दोनों ही हमारी महान भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ हैं।

सदानीरा समागम

भोपाल के भारत भवन में आज "सदानीरा समागम" का शुभारंभ हुआ। जल संरक्षण, पर्यावरण और भारतीय संस्कृति पर केंद्रित यह सात दिवसीय कार्यक्रम 2 जून तक चलेगा। इसमें इसरो और काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के विशेषज्ञ विमर्श करेंगे। शाम को नृत्य-नाटिका, लोकगायन और नौसेना बैंड की सिम्फनी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज माता रमाबाई अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर वंचितों के उत्थान और शिक्षा के प्रसार में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने उनके जीवन को त्याग, सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण बताया।

नी□-यूजी- सीबीआई

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लातूर के डॉ. मनोज शिरुरे पर आरोप है कि उन्होंने तीन छात्रों को रसायन विज्ञान के लीक प्रश्न दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं दूसरे आरोपी पुणे के कोचिंग फैकल्टी तेजस शाह को भौतिक विज्ञान के लीक प्रश्न मिले थे। इस मामले में अब तक 13 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं और 49 जगहों पर छापेमारी की जा चुकी है।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में इन दिनों गर्मी का कहर जारी है। कल 16 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार चला गया। खजुराहो में तो 46.4 डिग्री तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे ज़्यादा रहा। आज भी निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर समेत कई जिलों में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। राहत की बात ये है कि 29 मई से

आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है और जून के दूसरे हफ्ते तक मानसून भी दस्तक दे सकता है।

संक्षिप्त समाचार

- छिंदवाड़ा जिले में 22 से 24 मई तक किए गए ग्रीष्मकालीन सर्वे में पूर्व वनमंडल में 90 और पश्चिम वनमंडल में 58 कुल148गिद्ध दर्ज किए गए हैं।
- प्रदेश की पुलिस में कंप्यूटर संवर्ग के 89 पदों पर भर्ती के लिए सफल उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 से 9 जून तक भोपाल के लाल परेड ग्राउंड और जबलपुर के रांझी स्थित परेड ग्राउंड पर होगी।
- पन्ना में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 27 मई से 2 जून तक जिले के 191 तीर्थ यात्री श्री द्वारका-सोमनाथ जी की यात्रा करेंगे।

- आगरमालवा जिला चिकित्सालय में आयोजित बैठक में आगामी सिंहस्थ के दौरान जिला चिकित्सालय में 300 अतिरिक्त बेड की मांग शासन को भेजे जाने पर चर्चा की गई।